Code No. **67/1/1**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **21** questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **21** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# ACCOUNTANCY
# लेखाशास्त्र

***Time allowed : 3 hours*** | ***Maximum Marks : 80***
***निर्धारित समय : 3 घण्टे*** | ***अधिकतम अंक : 80***

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper contains **three** parts A, B and C.*

*(ii)* *Part A is **compulsory** for all candidates.*

*(iii)* *Candidates can attempt only **one** part of the remaining parts B and C.*

*(iv)* *All parts of the questions should be attempted at one place.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र **तीन** भागों में विभक्त है — क, ख और ग।*

*(ii)* *भाग क सभी छात्रों के लिए **अनिवार्य** है।*

*(iii)* *शेष भाग ख और ग में से कोई **एक** भाग हल करना है।*

*(iv)* *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।*

www.examrace.com

## PART-A
## ACCOUNTANCY

## खण्ड-क
## लेखाशास्त्र

1. Define partnership. **2**

   साझेदारी की परिभाषा दीजिये।

2. P Ltd. purchased assets worth Rs. 1,80,000 from S Ltd. The payment was made by issuing equity shares of the face value of Rs. 100 each at a premium of Rs. 20 per Share.

   Pass necessary journal entries. **2**

   पी. लि. ने एस. लि. से 1,80,000 रु. की सम्पत्तियाँ खरीदीं, जिसका भुगतान 100 रु. वाले समता अंशों को 20 रु. प्रति अंश अधिमूल्य पर निर्गमित करके किया गया।

   रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

3. JCM Ltd. invited applications for issuing 20,000 equity shares of Rs. 20 each at a discount of 10%. The whole amount was payable on application. The issue was fully subscribed.

   Pass necessary journal entries. **2**

   जे.सी.एम. लि. ने 20 रु. वाले 20,000 समता अंशों के 10% बट्टे पर निर्गमित करने हेतु आवेदन आमन्त्रित किये। सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान आवेदन के समय करना था। सभी अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए।

   रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

4. On 31.1.2005 Janta Ltd. converted its Rs. 88,00,000, 6% debentures into equity shares of Rs. 20 each at a premium of Rs. 2 per share.

   Pass necessary journal entries in the books of the company for redemption of debentures. **2**

   31.1.2005 को जनता लि. ने 88,00,000 रु. के 6% ऋणपत्रों का शोधन, 20 रु. वाले समता अंशों को 2 रु. प्रति अंश अधिलाभ पर निर्गमित करके परिवर्तित किया।

   कंपनी की पुस्तकों में ऋणपत्रों के शोधन हेतु रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

5. Pappu and Munna are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. The partnership deed provided that Pappu was to be paid salary of Rs. 2,500 per month and Munna was to get a commission of Rs. 10,000 per year. Interest on capital was to be allowed @5% per annum and interest on drawings was to be changed @ 6% per annum. Interest on Pappu's drawings was Rs. 1,250 and on Munna's drawings Rs. 425. Capital of the partners were Rs. 2,00,000 and Rs. 1,50,000 respectively, and were fixed. The firm earned a profit of Rs. 90,575 for the year ended 31.3.2004.

   Prepare Profit and Loss Appropriation Account of the firm. **3**

www.examrace.com

पप्पू तथा मुन्ना एक फर्म में साझेदार हैं जो लाभ का वितरण क्रमशः 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। साझेदारी समझौते के अनुसार पप्पू 2,500 रु. प्रतिमास वेतन के तथा मुन्ना 10,000 रु. प्रतिवर्ष कमीशन प्राप्त करने के अधिकारी थे। पूँजी पर 5% वार्षिक की दर से ब्याज देय था तथा आहरण पर ब्याज 6% वार्षिक की दर से लगाना था। पप्पू तथा मुन्ना के आहरण पर ब्याज क्रमशः 1,250 रु. एवं 425 रु. था। उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः 2,00,000 रु. तथा 1,50,000 रु. थी। 31.3.2004 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म ने 90,575 रु. का लाभ कमाया।

फर्म का लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइये।

6. What is meant by issue of debentures as 'Collateral Security' ? **3**

'गौण प्रतिभूति' के रूप में ऋणपत्रों के निर्गमन का क्या अर्थ है ?

7. What is meant by reconstitution of a partnership firm ? Explain briefly any two occasions on which a partnership firm can be reconstituted. **4**

साझेदारी फर्म के पुनर्गठन का क्या अर्थ है ? ऐसे किन्हीं दो अवसरों को संक्षेप में समझाइये जब साझेदारी फर्म का पुनर्गठन किया जा सकता है।

8. State the purposes for which securities premium amount can be used by a company. **4**

वे उद्देश्य बताइये जिनके लिए कम्पनी प्रतिभूति अधिलाभ का उपयोग कर सकती है।

9. A, B and C were the partners in a firm, sharing profits in the ratio of 4:3:3. The firm was dissolved on 28.2.2005. After transfer of assets and external liabilities to Realisation Account the following transactions took place :

(i) K, a creditor, to whom Rs. 6,000 were due to be paid, accepted office equipment at Rs. 4,000 and the balance was paid to him in cash.

(ii) L, a creditor, to whom Rs. 16,000 were due to be paid, took over machinery at Rs. 20,000. Balance was paid by him in cash.

(iii) An unrecorded liability of the firm Rs. 7,800 was paid by A.

(iv) The loss on dissolution was Rs. 10,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the book of the firm. **4**

www.examrace.com

अ, ब तथा स एक फर्म में साझेदार थे, जो लाभों को क्रमशः 4:3:3 के अनुपात में बांटते थे। फर्म का 28.2.2005 को विघटन हो गया। सम्पत्तियों तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में स्थानान्तरित करने के उपरान्त निम्नलिखित लेन-देन हुए :

(i) क, एक लेनदार जिसे फर्म द्वारा 6,000 रु. का भुगतान करना था, ने कार्यालय संयन्त्र 4,000 रु. में स्वीकार किये तथा उसे शेष धनराशि का भुगतान नकद किया गया।

(ii) ल, एक लेनदार जिसे फर्म द्वारा 16,000 रु. का भुगतान करना था, ने 20,000 रु. में मशीनरी ले ली तथा उसने शेष धनराशि का भुगतान नकद किया।

(iii) फर्म में 7,800 रु. की एक अलिखित देयता थी जिसका भुगतान अ ने किया।

(iv) विघटन पर 10,000 रु. की हानि हुई।

फर्म की पुस्तकों में उपरोक्त लेन-देनों की रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

10. On 1.1.2000, X Ltd. issued 5,00,000 8% debentures of Rs. 100 each, redeemable after 10 years. Debenture-holders were given the option to get their debentures redeemed at any time after 3 years at Rs. 105 per debenture. At the end of four years, debenture-holders holding 40,000 debentures exercised their option and got their debentures redeemed.

Record necessary journal entries for issue and redemption of debentures in the books of the company. **4**

1.1.2000 को एक्स लि. ने 100 रु. वाले 5,00,000, 8% ऋणपत्र, जिनका शोधन 10 वर्ष पश्चात् होना था, का निर्गमन किया। ऋणपत्र धारकों को छूट (विकल्प) थी कि वे 3 वर्ष के पश्चात् किसी भी समय अपने ऋणपत्रों का शोधन 105 रु. प्रति ऋणपत्र की दर से करा सकते हैं। चार वर्षों के पश्चात् ऋणपत्र धारकों ने छूट (विकल्प) का उपयोग करते हुए अ ने 40,000 ऋणपत्रों का शोधन करा लिया।

कम्पनी की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन तथा शोधन हेतु रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

11. On 1.1.2005, Fast Computers Ltd. issued 20,00,000, 6% debentures of Rs. 100 each at a discount of 4%, redeemable at a premium of 5% after three years. The amount was payable as follows :

On application Rs. 50 per debenture.

Balance on allotment.

Record the necessary journal entries for issue of debentures. **4**

www.examrace.com

1.1.2005 को फास्ट कम्प्यूटर्स लि. ने 100 रु. वाले 20,00,000, 6% ऋणपत्र 4% बट्टे पर निर्गमित किये। ऋणपत्रों का शोधन तीन वर्ष पश्चात् 5% अधिलाभ पर करना था। धनराशि निम्न प्रकार देय थी :

आवेदन पर 50 रु. प्रति ऋणपत्र,

शेष आबंटन पर।

ऋणपत्रों के निर्गमन हेतु रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

12. Ram and Mohan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 1. On 01.03.2005, they admitted Sohan as a new partner for 1/3rd share in the profits of the firm. They fixed the new profit sharing ratio as 4 : 2 : 3.

On the date of Sohan's admission, the firm had a JLP for Rs. 60,000 (surrender value Rs. 20,000). The P&L A/c on the date of admission showed a Balance of Rs. 32,000 (DR). The firm also had a reserve of Rs. 1,00,000.

Sohan is to bring Rs. 60,000 as premium for his share of goodwill.

Showing your calculations clearly, pass necessary journal entries to record the above transactions. **6**

राम तथा मोहन एक फर्म में साझेदार थे जो लाभों को 4 : 1 के अनुपात में वितरित करते थे। दि. 1.3.2005 को उन्होंने सोहन को फर्म में 1/3 लाभ के अंश के लिए साझेदार बनाया। उन्होंने नया लाभ का अनुपात 4 : 2 : 3 निश्चित किया।

सोहन के प्रवेश के दिन फर्म में 60,000 रुपये की संयुक्त जीवन बीमा पालिसी थी जिनका समर्पण मूल्य 20,000 रुपये था। उसी दिन लाभ-हानि खाता 32,000 रुपये का नाम शेष दर्शा रहा था। फर्म में संचय की धनराशि 1,00,000 रुपये थी।

सोहन अपने अंश की ख्याति के लिए 60,000 रु. प्रीमियम के रूप में लाया।

अपनी गणना की स्पष्ट व्याख्या करते हुए उपरोक्त लेन देनों के लिए रोजनामचे में प्रविष्टियाँ कीजिए।

13. Following is the Balance Sheet of Ramesh and Suresh as on 28.2.2005 :

| **Liabilities** | | **Amount Rs.** | **Assets** | **Amount Rs.** |
|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 20,000 | Land and Building | 40,000 |
| Bills Payable | | 40,000 | Furniture and Fittings | 28,000 |
| Capital Accounts : | | | Truck | 20,000 |
| Ramesh | 30,000 | | Stock | 10,000 |
| Suresh | 30,000 | 60,000 | Debtors | 12,000 |
| | | | Cash | 10,000 |
| | | 1,20,000 | | 1,20,000 |

www.examrace.com

On the above date, Ramesh and Suresh decided to dissolve the firm. Ramesh took over the creditors and Suresh took over the bills payables. Assets realized as follows :

Debtors Rs. 9,000; Furniture Rs. 21,000; Stock Rs. 6,000; Truck Rs. 32,000 and Land and Buildings Rs. 60,000. Expenses of realisation paid by Ramesh were Rs. 1,200.

Prepare Realisation Account, Cash Account and Capital Accounts of the partners to close the books of the firm. **6**

**OR**

Pass necessary journal entries to record the following at the time of dissolution of a partnership firm assuming that the Assets & third party liabilities have already been transferred to Realisation A/c :

(a) An unrecorded asset of Rs. 300 was taken over by 'A', one of the partners.

(b) Creditors were paid Rs. 14,000 in full settlement of their claims for Rs. 15,000.

(c) Sundry assets realised Rs. 1,95,000.

(d) 'B' (another partner) was to bear the expenses on dissolution, which amounted to Rs. 1,500/-.

(e) Value of Sundry liabilities including creditors at the time of dissolution was Rs. 1,90,000.

(f) 'A' takes over the loan payable to 'Mrs. A' Rs. 15,000. **6**

28.2.2005 को रमेश तथा सुरेश का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

| **देयताएँ** | | **राशि रु.** | **सम्पत्तियाँ** | **राशि रु.** |
|---|---|---|---|---|
| विभिन्न लेनदार | | 20,000 | भूमि तथा भवन | 40,000 |
| देय बिल | | 40,000 | फर्नीचर तथा फिटिंग्स | 28,000 |
| पूँजी खाते : | | | ट्रक | 20,000 |
| रमेश | 30,000 | | स्टॉक | 10,000 |
| सुरेश | 30,000 | 60,000 | देनदार | 12,000 |
| | | | रोकड़ | 10,000 |
| | | 1,20,000 | | 1,20,000 |

उपरोक्त तिथि को रमेश तथा सुरेश ने फर्म का विघटन करने का निर्णय लिया। रमेश ने लेनदारों को लिया तथा सुरेश ने देय बिलों को लिया। सम्पत्तियों से वसूली निम्न प्रकार हुई :

देनदार 9,000 रु.; फर्नीचर 21,000 रु.; स्टॉक 6,000 रु.; ट्रक 32,000 रु. तथा भूमि व भवन 60,000 रु.। रमेश द्वारा भुगतान किये गये वसूली खर्चे 1,200 रु. थे।

फर्म की पुस्तकों को बंद करने हेतु वसूली खाता, रोकड़ खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

**अथवा**

www.examrace.com

एक साझेदारी फर्म के समापन के समय यह कल्पना करते हुए कि सभी सम्पत्तियाँ तथा बाह्य देनदारियों को वसूली खाते में पहले से ही हस्तान्तरित किया जा चुका है, निम्नलिखित के लेखांकन हेतु रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए :

(अ) एक अलिखित सम्पत्ति जिसका मूल्य 300 रुपये था, 'अ' एक साझेदार ने ले लिया।

(ब) 15,000 रुपये के लेनदारों के दावे को 14,000 रुपये पूर्ण भुगतान स्वरूप दिये।

(स) समस्त सम्पत्तियों से 1,95,000 रुपये वसूल हुए।

(द) वसूली व्यय 1,500 रुपये जिसे 'ब' (एक अन्य साझेदार) वहन करेगा।

(य) फर्म के समापन के समय समस्त देनदारियाँ लेनदारों सहित 1,90,000 रुपये की थीं।

(फ) 'अ' ने ''श्रीमती अ'' के देय ऋण 15,000 रुपये भी अपने ऊपर ले लिया।

14. Z Ltd. invited applications for issuing 40,000 equity shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share. The amount was payable as follows :

On Application Rs. 6 (including premium) and balance on Allotment.

Applications for 50,000 shares ware received. Pro-rata allotment was made to all applicants. Excess money received on application was adjusted towards sums due on allotment.

A shareholder to whom 8,000 shares were allotted failed to pay the allotment money and therefore, his shares were forfeited. Later on the forfeited shares were re-issued for Rs. 70,000 as fully paid up.

Pass necessary journal entries in the books of Z Ltd. **6**

जेड. लि. ने 10 रु. वाले 40,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित किये। अंशों को 2 रु. प्रति अंश के अधिलाभ पर निर्गमित करना था, राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर 6 रु. प्रति अंश (अधिलाभ सहित) तथा शेष आबंटन पर।

50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर आबंटन किया गया। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में किया गया।

एक अंशधारक जिसे 8,000 अंशों का आबंटन किया गया था, ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया। उसके अंशों को जब्त कर लिया गया। जब्त किये गये अंशों को 70,000 रु. में पूर्ण प्रदत्त रूप में पुनः निर्गमित कर दिया गया।

जेड. लि. की पुस्तकों के रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

www.examrace.com

15. M and N were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 1. Their Balance Sheet as on 31.3.2004 was as follows :

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Creditors | 28,000 | Cash | 50,000 |
| Bills Payable | 40,000 | Debtors | 60,000 |
| Outstanding Salary | 2,000 | Stock | 40,000 |
| Capital Accounts : | | Plant | 1,00,000 |
| M 2,00,000 | | Land and Building | 1,50,000 |
| N 1,30,000 | 3,30,000 | | |
| | 4,00,000 | | 4,00,000 |

On the above date 'O' was admitted as partner for $\frac{1}{4}$ th share in profits on the following terms :

(i) 'O' will bring Rs. 1,50,000 as his capital and Rs. 90,000 as his share of premium for goodwill for his share of profits.

(ii) Plant is to be appreciated to Rs. 1,30,000 and the value of land and building is to be appreciated by 5%.

(iii) Stock is overvalued by Rs. 6,000.

(iv) A provision for bad and doubtful debts is to be created at 5% on debtors.

(v) There were unrecorded creditors Rs. 4,500/-

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the new firm. **8**

**OR**

P, Q and R were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 3 : 5. On 31.3.2004 their Balance Sheet was as follows :

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | 70,000 | Bank | | 45,000 |
| Capital Accounts : | | Debtors | 40,000 | |
| P 80,000 | | Less : provision | | |
| Q 70,000 | | for doubtful debts | 5,000 | 35,000 |
| R 60,000 | 2,10,000 | Stock | | 50,000 |
| | | Building | | 1,40,000 |
| | | Profit & Loss A/c | | 10,000 |
| | 2,80,000 | | | 2,80,000 |

On the above data R retired from the firm due to his illness on the following terms:

(i) Building was to be depreciated by Rs. 40,000.

www.examrace.com

(ii) Provision for doubtful debts was to be maintained at 20% on debtors.

(iii) Salary outstanding Rs. 5,000 was to be recorded and creditors Rs. 4,000 will not be claimed.

(iv) Goodwill of the firm was valued at Rs. 72,000 and the same was to be treated without opening goodwill account.

(v) R was to be paid Rs. 15,000 in cash, through bank and the balance was to be transferred to his loan account.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of P and Q after R's retirement. **8**

‘एम’ तथा ‘एन’ एक फर्म में साझेदार थे जो लाभों को 3 : 1 के अनुपात में बाँटते थे। 31.3.2004 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| **देयताएँ** | **राशि रु.** | **सम्पत्तियाँ** | **राशि रु.** |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 28,000 | रोकड़ | 50,000 |
| देय बिल | 40,000 | देनदार | 60,000 |
| अदत्त वेतन | 2,000 | स्टाक | 40,000 |
| पूँजी खाते : | | संयन्त्र | 1,00,000 |
| एम. 2,00,000 | | भूमि तथा भवन | 1,50,000 |
| एन. 1,30,000 | 3,30,000 | | |
| | 4,00,000 | | 4,00,000 |

उपरोक्त तिथि को उन्होंने ‘ओ’ को लाभ में $\frac{1}{4}$ अंश के लिए निम्नलिखित शर्तों पर एक नये साझेदार के रूप में प्रवेश दिया :

(i) ‘ओ’ 1,50,000 रु. पूँजी के लिए तथा लाभ में अपने अंश के लिए 90,000 रु. ख्याति के लिये प्रीमियम लायेगा।

(ii) संयन्त्र का मूल्य 1,30,000 रु. तक बढ़ाना है तथा भूमि एवं भवन के मूल्य को 5% बढ़ाना है।

(iii) स्टॉक का मूल्य 6,000 रु. अधिक है।

(iv) देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान करना है।

(v) 4,500 रु. के लेनदारों को पुस्तकों में नहीं दर्शाया गया।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइये।

**अथवा**

www.examrace.com

पी., क्यू. तथा आर. एक फर्म में साझेदार थे जो लाभों को 2 : 3 : 5 के अनुपात में बांटते थे। 31.3.2004 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| **देयताएँ** | **राशि रु.** | **सम्पत्तियाँ** | **राशि रु.** |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 70,000 | बैंक | 45,000 |
| पूँजी खाते : | | देनदार 40,000 | |
| पी. 80,000 | | घटा : संदिग्ध ऋण प्रावधान 5,000 | 35,000 |
| क्यू. 70,000 | | स्टॉक | 50,000 |
| आर. 60,000 | 2,10,000 | भवन | 1,40,000 |
| | | लाभ-हानि खाता | 10,000 |
| | 2,80,000 | | 2,80,000 |

उपरोक्त तिथि को बीमारी के कारण आर. ने निम्नलिखित शर्तों पर फर्म से अवकाश ग्रहण किया :

(i) भवन का मूल्यह्रास 40,000 रु. किया जायेगा।

(ii) संदिग्ध ऋणों के लिए देनदारों के 20% के बराबर प्रावधान किया जायेगा।

(iii) अदत्त वेतन 5,000 रु. का लेखा किया जायेगा तथा 4,000 रु. के लेनदार देय नहीं होंगे।

(iv) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 72,000 रु. किया गया तथा उसका समायोजन ख्याति खाता खोले बिना किया जायेगा।

(v) आर. को 15,000 रु. का नकद भुगतान बैंक के द्वारा किया जायेगा तथा शेष उनके ऋण खाते में स्थानान्तरित किया जायेगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा आर. के अवकाश ग्रहण करने के पश्चात् पी. तथा क्यू. का स्थिति विवरण तैयार कीजिये।

## PART-B
## ANALYSIS OF FINANCIAL STATEMENTS

## खण्ड-ख
## वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

16. What is meant by a 'Cash Flow Statement' ? **2**

'रोकड प्रवाह विवरण' का क्या अर्थ है ?

17. State whether the following transactions will result into inflow, outflow or no flow of funds :

(i) Purchased manchinery for cash Rs. 80,000.

(ii) Paid to creditors Rs. 40,000.

(iii) Converted Rs. 10,000 equity shares into 9% debentures.

(iv) Issued equity shares Rs. 10,00,000 for cash. **2**

www.examrace.com

बताइये कि निम्नलिखित लेन-देनों का कोष पर अन्तः-प्रवाह, बाह्य प्रवाह अथवा कोई प्रवाह नहीं होगा :

(i) मशीनरी का नकद क्रय 80,000 रु.।

(ii) लेनदारों को 40,000 रु. का भुगतान किया।

(iii) 10,000 रु. के समता अंशों को 9% ऋणपत्रों में परिवर्तित किया।

(iv) 10,00,000 रु. के समता अंशों का नकद निर्गमन किया।

18. Briefly explain the limitations of analysis of financial statements. **3**

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की सीमाओं को संक्षेप में समझाइये।

19. The current liabilities of a company are Rs. 3,50,000. Its current ratio is 3.00 and liquid ratio is 1.75. Calculate the amount of current assets, liquid assets and inventory. **3**

एक कम्पनी की चालू देयताएँ 3,50,000 रु. है। इसका चालू अनुपात 3.00 तथा तरलता अनुपात 1.75 है। चालू सम्पत्तियों, तरल सम्पत्तियों तथा स्टॉक की राशि की गणना कीजिए।

20. On the basis of information given below, calculate any **two** of the following ratios:

(i) Gross Profit Ratio;

(ii) Debt-Equity Ratio and

(iii) Working Capital Turnover Ratio.

<u>Information :</u>

| | Rs. | | Rs. |
|---|---|---|---|
| Net Sales | 3,75,000 | Current Assets | 4,25,000 |
| Cost of goods sold | 2,50,000 | Equity Share Capital | 1,90,000 |
| Current liabilities | 1,20,000 | Debentures | 75,000 |
| Loan | 60,000 | | |

**4**

नीचे दी गई सूचना के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अनुपातों की गणना कीजिए :

(i) सकल लाभ अनुपात;

(ii) ऋण-समता अनुपात, तथा

(iii) कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात।

<u>सूचना :</u>

| | रु. | | रु. |
|---|---|---|---|
| शुद्ध विक्रय | 3,75,000 | चालू सम्पत्तियाँ | 4,25,000 |
| बेचे गये माल की लागत | 2,50,000 | समता अंश पूँजी | 1,90,000 |
| चालू देयताएँ | 1,20,000 | ऋणपत्र | 75,000 |
| ऋण | 60,000 | | |

www.examrace.com

21. Following are the Balance Sheets of XY Ltd. as on 31st March, 2003 and 2004 :

| **Liabilities** | **2003 Rs.** | **2004 Rs.** | **Assets** | **2003 Rs.** | **2004 Rs.** |
|---|---|---|---|---|---|
| Share Capital | 1,20,000 | 1,40,000 | Goodwill | 20,000 | 16,000 |
| General Reserve | 8,000 | 12,000 | Building | 76,000 | 96,400 |
| Profit & Loss A/c | 7,200 | 6,200 | Investments | 4,000 | 14,000 |
| Proposed Dividend | 11,200 | 20,200 | Debtors | 30,000 | 43,200 |
| Bills Payable | 14,000 | 21,200 | Stock | 34,000 | 31,200 |
| Outstanding Expenses | 14,400 | 15,200 | Cash | 6,800 | 11,200 |
| | | | Preliminary Expenses | [illegible]000 | 2,800 |
| | 1,74,800 | 2,14,800 | | 1,74,800 | 2,14,800 |

You are required to :

(i) Prepare schedule of changes in working capital

(ii) Calculate funds from operations, and

(iii) Prepare a Funds Flow Statement. **6**

**OR**

The following balances appeared in Plant Account and Accumulated Depreciation Account in the books of Bharat Ltd. :

| **Balance as at** | **31.3.2003 Rs.** | **31.3.2004 Rs.** |
|---|---|---|
| Plant | 7,50,000 | 9,70,000 |
| Accumulated Depreciation | 1,80,000 | 2,40,000 |

<u>Additional Information</u> :

Plant costing Rs. 1,45,000; accumulated depreciation thereon Rs. 70,000, was sold for Rs. 35,000.

You are required to :

(i) Compute the amount of Plant purchased, depreciation charged for the year and loss on sale of plant.

(ii) Show how each of the items related to the plant will be shown in the cash flow statement.

31 मार्च, 2003 तथा 2004 को एक्स. वाई. लि. के स्थिति विवरण निम्न प्रकार से थे :

| **देयताएँ** | **2003 रु.** | **2004 रु.** | **सम्पत्तियाँ** | **2003 रु.** | **2004 रु.** |
|---|---|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | 1,20,000 | 1,40,000 | ख्याति | 20,000 | 16,000 |
| सामान्य संचय | 8,000 | 12,000 | भवन | 76,000 | 96,400 |
| लाभ-हानि | 7,200 | 6,200 | निवेश | 4,000 | 14,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 11,200 | 20,200 | देनदार | 30,000 | 43,200 |
| देय बिल | 14,000 | 21,200 | स्टॉक | 34,000 | 31,200 |
| अदत्त खर्चे | 14,400 | 15,200 | रोकड़ | 6,800 | 11,200 |
| | | | प्रारम्भिक खर्चे | 4,000 | 2,800 |
| | 1,74,800 | 2,14,800 | | 1,74,800 | 2,14,800 |

अपेक्षित :

(i) कार्यशील पूँजी परिवर्तन तालिका बनाइये।

(ii) संचालन से प्राप्त कोष की गणना कीजिये, तथा

(iii) कोष प्रवाह विवरण बनाइये।

**अथवा**

भारत लि. की पुस्तकों में संयन्त्र खाते तथा एकत्रित मूल्यह्रास खाते में निम्नलिखित शेष दर्शाए गये थे :

| **शेष** | **31.3.2003 रु.** | **31.3.2004 रु.** |
|---|---|---|
| संयन्त्र | 7,50,000 | 9,70,000 |
| एकत्रित मूल्यह्रास | 1,80,000 | 2,40,000 |

अतिरिक्त सूचना :

1,45,000 रु. लागत का संयन्त्र जिस पर एकत्रित मूल्यह्रास 70,000 रु. था 35,000 रु. में बेचा गया।

निम्नलिखित बताइए :

(i) वर्ष में क्रय किये गये संयन्त्र का मूल्य, लगाये गये मूल्यह्रास तथा विक्रय किये गये संयन्त्र पर हानि की गणना कीजिये।

(ii) संयन्त्र से सम्बन्धित प्रत्येक मद रोकड़ प्रवाह विवरण में कैसे दर्शाई जायेगी ?

www.examrace.com

## PART-C

## COMPUTERISED ACCOUNTING

## खण्ड-ग

## अभिकलित्र लेखांकन

16. What is meant by Normilisation ? **2**

सामान्यीकरण का क्या अर्थ है ?

17. What is data redundancy ? What problems are associated with it ? **3**

समंक निर्थकता क्या है ? इससे सम्बन्धित क्या-क्या समस्यायें हैं ?

18. What do you understand by unary, binary relation ? **2**

इकहरे, दोहरे सम्बन्ध से आपका क्या तात्पर्य है ?

19. Conceptualise the accounting reality in terms of Entity Relation Model concepts. **3**

लेखांकन वास्तविकता को ई. आर. मॉडल धारणा के रूप में संकल्पित कीजिए।

20. Develop and depict an Entity Relationship Model for this accounting reality. **3**

लेखांकन वास्तविकता के लिए एक ई. आर. मॉडल विकसित एवं चित्रित कीजिए।

21. Show the database design in terms of relevant data tables and their inter relationships.

**3+4 = 7**

आंकड़ों पर आधारित अभिकल्प (डिजाइन) को प्रासंगिक आंकड़ों की सारणी के रूप में दिखाइये तथा उनके अन्तर्सम्बन्धों को बताइये।

**Note :** The above Q. 19—20 to be done with the following Vouchers :

**Voucher 1**

Voucher 0705 Date : May 07, 2004

M/s. Macrowell

Debit A/c : 110001 Cash Account

**Credit Account**

| Sl. No. | Code | Name of A/c | Amount (Rs.) | Narration |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 174001 | Sale | 15,000 | Goods sold |

Authorised by
Gopal

Prepared by
Sarala

www.examrace.com

**Voucher 2**

Voucher 1105 Date : May 11, 2004

M/s. Macrowell

Credit A/c : 110001 Cash Account

**Debit Account**

| Sl. No. | Code | Name of A/c | Amount (Rs.) | Narration |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 140001 | Machinery | 1,50,000 | Assets Purchased |

Authorised by Prepared by

Gopal Sarala

**टिप्पणी :** प्रश्न 19 से 21 तक के उत्तर निम्नलिखित प्रमाणकों की सहायता से दीजिये :

**प्रमाणक 1**

प्रमाणक 0705 दि. मई 07, 2004

मै. मैक्रोवैल

नाम खाता 110001 रोकड़-खाता

**जमा खाता**

| क्रम संख्या | कोड | खाते का नाम | राशि (रु.) | सन्दर्भ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 174001 | विक्रय | 15,000 | माल बेचा |

अधिकृत तैयार कर्ता

गोपाल सरला

**प्रमाणक 2**

प्रमाणक 1105 दि. मई 11, 2004

मै. मैक्रोवैल

जमा खाता : 110001 रोकड़-खाता

**नाम खाता**

| क्रम संख्या | कोड | खाते का नाम | राशि (रु.) | सन्दर्भ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 140001 | मशीनरी | 1,50,000 | सम्पत्ति क्रय की |

अधिकृत तैयार कर्ता

गोपाल सरला

www.examrace.com